आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों ने लिया खेलों में भाग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जो खेलेगा भारत -खिलेगा भारत (अभ्युदय यूथ क्लब) द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के दूर दराज के आदिवासी अंचलों के सैकड़ो विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी छात्र छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, ऊंची कूद, योगा और कुश्ती जैसे खेलो में करतब दिखाए। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, नगर पालिक निगम के महापौर विक्रम आहाके, विद्या भूमि पब्लिक स्कूल की संचालक डॉ. विजया यादव, एकल विद्यालयों के प्रभारी पुरुषोत्तम साह, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त विनोद तिवारी, नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अरुण कपूर, लायन्स आई अस्पताल के संचालक पूरण लाल राजलानी, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई, एकल विद्यालय अभियान के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख संजय मालवीय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा सभी विद्यार्थियों को 2 से 3 जोड़ी कपड़े, कम्बल, मिठाई भेट की गई तथा कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ आये सैकड़ों शिक्षकों के भी लिये भोजन प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई थी। सभी मुख्य अतिथियों ने पूज्य बापूजी की श्री योग वेदांत सेवा समिति के सेवाकार्यों की जमकर सराहना की और सभी को बताया कि संस्था पूरे वर्ष आदिवासी, वनवासियों के अलावा बच्चें, युवा और बुजुर्गों की सेवा में अग्रणी हैं।

यह सर्वविदित है कि संस्था प्रतिवर्ष दीपावली पर्व के पूर्व 6 लाख से अधिक जरूरतमदो को जरूरत सामग्री भेट करती है, गर्मी में लाखों लोगों को निःशुल्क छाछ पिलाती है, जिले के हजारों स्कूलों में गीता जयंती प्रतियोगिता का आयोजन, आद्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता, तुलसी पूजन दिवस में लाखों लोग लाभांवित और मात्र पितृ पूजन दिवस पर जिले में 7 लाख से अधिक माता पिता का पूजन ऐसे अनगिनत सेवा कार्य वर्ष भर करती हैं। संस्था के दैवीय कार्य की चर्चा जिले सहित पूरे देश में होती हैं। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर, प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार, प्राचार्या प्रिया सिंह, छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार ने अपनी-अपनी सेवाएं दी। उक्ताशय की जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी।

उमरेठ पुलिस ने दुर्घटना से बचाव के लिए दिया संदेश

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज दिनांक 18 नवम्बर 2024 को थाना उमरेठ जिला छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु टू व्हीलर वाहन चालकों एवं फोर व्हीलर वाहन चालकों को यातायात के नियमों के संबंध में समझाईश दी। यातायात के सांकेतिक चिन्हो का पालन करने हेतु बताया गया एवं वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने हेतु बताया गया। टू व्हीलर वाहनों के चालको को हेलमेट आवश्यक रूप से लगाने हेतु एवं फोर व्हीलर वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगाने हेतु समझाईश दी गई एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध 15 चालान काटे गए जिनसे संमन शुल्क राशि 4900/- रूपये संमन शुल्क वसूल किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उमरेठ विजय राव माहोरे, स.उ.नि. नितेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक नारायण उइके, मधुप्रसाद कुलस्ते उपस्थित रहे।

सार समाचार

जिला क्षत्रिय मराठा समाज को दीपावली मिलन समारोह में महिलाओं और बच्चों ने खेले खेल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला क्षत्रिय मराठा समाज का दीपावली मिलन समारोह रविवार को भरतादेव में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिक बंधु एवं महिलाओं की उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने कहा कि दीपावली मिलन समारोह करने का उद्देश्य समाज को एक जुट रखना है जिससे हमारा समाज विकास की ओर बढ़े। समाज के विकास के लिए सभी को अपनी सहभागिता देनी चाहिए। दीपावली मिलन समारोह, सामाजिक मिलन समारोह जैसे कार्यक्रमों समाजजनों को आपस में मिलने का मौका मिलता है। इससे समाज की एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम में मंच संचालन सुनील बनारसे ने किया।

इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के लिए मनोरंजक गेम आयोजित किए गए। महिलाओं की कुर्सी दौड़ए वन मिनट शो, बलून फुलाव प्रतियोगिताएं हुई तो वहीं बच्चों ने डांस किया। योगिता घोरपड़े ने गीत सुनाया। प्रतियोगिताओं विजेता प्रतिभागियों में भावना बनारसे, शोभना कन्हेरे, योगिता ठोकरे सहित बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्नेह भोज का आनंद उठाया। विजय चौहान, अनिल सोनोने, गजानन चौहान, प्रवीण मराठा, अमित आखरे, सुनील निंबालकर, आलोक चौधरी, राकेश मानमोड़े, मिथलेश ठोकरे, शानू, लक्ष्मण राव घोरपड़े, मनोज ताठे, संजय दलदले, प्रशांत गायकवाड़ सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत चालक फरार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा चौक में सोमवार की दोपहर 12 बजे करीब एक ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया इस हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार दीपक पिता समर सिंग सरेआम उम्र 18 साल मोकल थाना क्षेत्र के मुरमरी गांव का रहने वाला है। दोपहर 12 बजे करीब वह बाइक से छिंदवाड़ा की और आ रहा था इस दौरान इमली खेड़ा चौक पर रोड क्रॉस करने के दौरान नागपुर रोड की तरफसे आ रहे ट्रक ने उसे रोक दिया इस हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा करवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि इस तरह के अब तक कई दुर्घटनाऐं हो चुकी है इसके पूर्व सिल्लेवानी घाटी में भी इसी तरह की घटना हो चुकी है तथा सावनेर के पास भी पुताई वालों की ऐसे ही दुर्घटना में मौत हुई है।

मांग मातंग समाज द्वारा हरिनाम सप्ताह एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन

भव्य हरिनाम सप्ताह
सामाजिक सम्मेलन

मोहखेड़, देशबन्धु। आज ब्लॉक मोहखेड़ के उमरानाला में मातंग मांग समाज द्वारा आयोजित भव्य हरिनाम सप्ताह एवं सामाजिक सम्मेलन बडे ही सुचारू रूप से समपन्न हुआ इस अवसर पर हरिनाम सप्ताह समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहखेड़ द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. राकेश पठाडे द्वारा अपनी सहभागिता निभाई गयी छिंदवाड़ा जिला मांग मातंग समाज अध्यक्ष विनायक राव चन्ने के माध्यम से हर्बल लाइफ केयर का केम्प लगाया गया संतोषी गजभिये द्वारा उसकी जांच की गई नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर सौंसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय रैवानाथ चौरे, रघुवीर मोहने, ओमनारायण राजनकार, योगेश राजनकर एवं अन्य लोग उपस्थित हुये।

ग्राम सिल्लेवानी में युवा शक्ति संगठन समिति ने मनाया बिरसा मुण्डा का जन्मोत्सव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मोहखेड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत सिल्लेवानी में युवा शक्ति संगठन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शानदार आदिवासी परिधानों में कलाकारों द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी गई जिसमे रैंप वॉक सहित सांस्कृतिक नृत्य थे। जिसमे मुख्य रूप से पांढुर्णा विधायक निलेश उइके, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम सिंह आह्के, सौसर के पूर्व विधायक अजय चौरे सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे जहां भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती का बखान करते हुए सभी ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धाभाव के साथ नमन किया और उनके कार्यो को आम जन को अवगत कराया गया। बता दें कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म जनजातीय समाज में 15 नवम्बर 1850 को हुआ था। भगवान बिरसा मुण्डा ने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई की और जल जंगल को बचाने के लिए आंदोलन किया। आदिवासी समाज का पहला भगवान यदि कोई माना जाता है तो वह है बिरसा मुंडा, उस दिन शासन स्तर से बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है और शासकीय अवकाश भी घोषित है।

रेत का अवैध परिवहन व उल्लंघन प्रमाणित होने पर 33लाख 75 हजार का जुर्माना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में अवैध परिवहनकर्ता लोकेश साहू वगैरह निवासी थोटामाल तहसील चांद जिला छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अनुसार रेत खनिज का अवैध परिवहन करने और अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर प्रावधान अनुसार अनावेदक परिवहनकर्ता लोकेश साहू वगैरह निवासी थोटामाल तहसील चांद जिला छिंदवाड़ा पर अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 3375000 रुपए अधिरोपित की गई है।

हमारा शौचालय,हमारा सम्मान अभियान कार्यक्रम 19 से 10 तक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुधीर कृषक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों और जनपद स्तर पर गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। आज विश्व शौचालय दिवस का आयोजन बैठक में बताया गया कि हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत आज 19 नवंबर को जिले में विश्व शौचालय दिवस मनाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। शौचालयों को स्वच्छ, सुसज्जित और आकर्षक बनाने के लिए लाभार्थियों द्वारा स्वयं रंग-रोगन किया जाएगा। इसके साथ ही सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को भी बेहतर बनाने और उनके नियमित संचालन के लिए कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिले के अभिनव प्रयास स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील सेवा की प्रगति पर भी चर्चा हुई। यह सेवा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सराहना का केंद्र बन चुकी है। इस पहल के तहत सफाई कर्मियों को स्वच्छता साथी के रूप में चयनित कर संस्थागत और व्यक्तिगत शौचालयों की सफाई अत्याधुनिक मशीनों से कराई जा रही है। न्यूनतम सेवा शुल्क मात्र 200 रूपये में संचालित इस सेवा ने अब तक 1207 शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की है। स्वच्छता साथी योजना न केवल संस्थागत शौचालयों की सफाई को सुनिश्चित कर रही है बल्कि व्यक्तिगत शौचालयों को साफ कर ओडीएफ प्लस ग्राम की अवधारणा को भी मजबूत कर रही है। इसके माध्यम से सफाई कर्मियों को आजीविका का साधन और आय का एक स्थायी स्रोत मिला है।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण की तैयारी

स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील सेवा को जलशक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना दी है। बैठक में जानकारी दी गई कि जल्द ही जिले को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इस नवाचार का राष्ट्रीय प्रस्तुतीकरण करने का अवसर मिलेगा।

367491 शौचालयों का निर्माण और सतत स्वच्छता

जिले में अब तक 367491 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इस दिशा में जिले के नवाचार और योजनाओं ने स्वच्छता को नए आयाम दिए हैं।

स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान पर परिचर्चा

आदिवासी संस्कृति और जीवन शैली पर क्विज प्रतियोगिता

अमरवाड़ा, देशबन्धु। पी.एम.श्री कन्या उ.मा.वि. अमरवाड़ा में आज वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। 15 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024 तक आयोजित इस पखवाड़ा में आज दिनांक को स्वतंत्रता सग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान पर परिचर्चा का आयोजन मुख्य वक्ता उत्तम सिंह ठाकुर एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफसर झारिया के द्वारा किया गया। सेमीनार में वक्ताओं ने जनजातीय समुदाय का स्वतंत्रता सग्राम में विशेष भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारी तिलका मांझी, टंट्या भील, सीताराम कंवर, खाज्या नायक, रघुनाथ सिंह मंडलोई, भीमा नायक, सुरेन्द्र साय, बिरसा मुण्डा, राजा अर्जुन सिंह गोंड, देवीसिंह गोंड, भगवान सिंह गोंड, मोरगो मांझी, उम्मेर सिंह गोंड, सिदू मुर्मू, जोधनसिंह गोंड, लल्लन गोंड, बिरजू भोई और बादल भोई के जीवन पर प्रकाश डाला। उत्तमसिंह ठाकुर ने बताया कि जनजातीय समाज के अनेक वीर योद्धाओं के साथ वीरांगनाओं ने भी देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दीए लेकिन उन्हें इतिहास में उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाया। इनमें रानी कमलापति, रानी दुर्गावाती, रैनो बाई आदि प्रमुख हैं। इन वीरांगनाओं ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में स्वतंत्रता संग्राम की बागडोर स्वयं संभाली थी। ऐसी अनेक वीरांगनाएं हैं जिनकी शौर्य गाथाएं हमारे इतिहासकारों ने हमारे सामने नहीं आने दीं। भारतीय इतिहासकारों ने इन वीरांगनाओं की वीरता को हमेशा नजरअंदाज किया। आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता के इन वीर एवं वीरांगनाओं की शौर्य गाथा को जनमानस तक पहुंचाएं। इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

लंबित मामलों पर हो तुरंत कार्रवाई : कलेक्टर

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार विस्तृत चर्चा करते हुए समय सीमा में लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सी एम कार्यालय, सी एम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों का विश्लेषण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि समय सीमा के भीतर सभी शिकायतों और मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग समय-सीमा में अपेक्षित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को समाधान ऑनलाइन बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सभी विभागों की समीक्षा की जाएगी इसलिए विभाग गंभीरता से शिकायतों का निराकरण करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महाअभियान 3.0 के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। यह अभियान 15 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक संचालित होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लक्ष्यों को शासन की अपेक्षाओं के अनुसार पूर्ण किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने लीड बैंक मैनेजर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत इकाइयों के लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की। प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दिशा में तेजी लाने और अधिकतम हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने नगरपालिका निगम को जिले की अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्यवाही करने और इससे संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में पोस्ट ऑफिस के डेवलपमेंट ऑफिसर लिलेश कुमार सूर्यवंशी और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के मैनेजर शरद कश्यप ने डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं को प्रस्तुत किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने निजी विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों के सरकारी दरों से अधिक मूल्य वसूलने की शिकायतों पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी विक्रेता द्वारा मनमानी दर वसूली जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे सहित अन्य विभाग प्रमुख थे।

अजय कुमार पांडेय छिंदवाड़ा के नये पुलिस कप्तान, मनीष खत्री सिंगरौली स्थानांतरित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन गृह मंत्रालय ने 18 नवम्बर को 10 आई.पी.एस. अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए है जिसमें से 2016 बैच के आईप.एस अधिकारी पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा मनीष खत्री को पुलस अधीक्षक जिला सिंगरौली बनाया गया है। आपके स्थान पर 2016 बैच के ही आईपीएस अधिकारी सैनानी 23 वी वाहिनी विसबल भोपाल से अजय कुमार पाण्डेय को जिला पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री विनायक वर्मा के सीबीआई में जाने के बाद छिन्दवाड़ा में पदस्थ किए गए थे और आपके द्वारा लोकसभा चुनाव सहित अनेक कार्यो को जिले में संपादित किया है। अब वे सिंगरौली के नये कप्तान के रूप में कार्यभार शीघ्र ग्रहण करेंगे

पटनिया ग्राम में विद्युत उपकेंद्र चालू होने से ग्रामीणों में हर्ष

सिंगोड़ी, देशबन्धु। ग्राम सिंगोड़ी से लगभग 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित पटनिया ग्राम में विद्युत विभाग के उपकेंद्र प्रारंभ होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

छिन्दवाडा वृत्त के संचा-संधा संभाग अमरवाड़ा के अन्तर्गत सिंगोड़ी वितरण केन्द्र के ग्राम पटनिया में केन्द्र शासन की आर.डी. एस.एस. योजना में स्वीकृत नवनिर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र, पटनिया में 05 नवम्बर 2024 को लोड के साथ ऊर्जीकृत हुआ है। 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, पटनिया में 5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर स्थापित हुआ है जिससे 03 नंबर 11 के.व्ही. फीडर पटनिया कृषि, बड़ेगांव कृषि एवं पटनिया घरेलू फीडर निर्गमित होगें। 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, पटनिया ऊजीकृत होने से सिंगोडी वितरण केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले पटनिया, बाबई, बड़ेगांव, सगोनिया, गढाछोटा, भजिया एवं बांका ग्राम के लगभग 2000 से अधिक उपभोक्ता इससे लाभान्वित होंगें एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय संभव होगा।

पटनिया उपकेन्द्र के उर्जीकृत होने से उपभोक्ताओं को रबी सीजन में आने वाली लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। इस अवसर पर बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी सहित अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी, कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम, सहायक अभियंता नितीश प्रजापति, सिंगोड़ी जे.ई. कृतार्थ श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सार समाचार

59 वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 673 मरीजों का उपचार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 59 वा स्वास्थ्य शिविर परासिया विधानसभा क्षेत्र के न्यूटन में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 683 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 673 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाए गए 10 गंभीर मरीजों को रेफर किया गया।

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मानेगांव में आज 19 नवंबर को 60 वा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा । सिंगोड़ी भाजपा मंडल के अध्यक्ष सोनू सरसवार ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

पीजी कॉलेज में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के निर्देशानुसार इतिहास विभाग में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि प्रो. रीता रावत मैडम एवं डॉ. आरपी आम्रवंशी डॉ. अमित ताम्रकार, डॉ. राकेश पटले एवं श्रीमती बबीता सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं जनजातीय समुदाय के नायक भगवान बिरसा मुंडा जी केपूजन एवं दीप प्रज्वलन केसाथ आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. रीता रावत द्वारा भगवान बिरसामुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में जनजातीय नायकों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. आरपी आम्रवंशी द्वारा बिरसामुंडा जी के जीवन परिचय स विद्यार्थियों को अवगत कराया और उनके जीवन के प्रमुख घटनाक्रम की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अमित कुमार ताम्रकार ने बताया कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध सम्पूर्ण देश के आदिवासियों न ब्रिटिश शासनके विरुद्ध विद्रोह किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बबीता सोनी ने आभार प्रकट किया।

अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तर युवा उत्सव का शुभारंभ, प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। एमआईएमटी कालेज नरसिंहपुर में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने गायन-वादन एवं साहित्यिक बौद्धिक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. बी. सिंह प्राचार्य शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की अध्यक्षता, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. मनीष अग्रवाल प्राध्यापक की उपस्थिति में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर, शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा, शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा, एम जी पी जी कॉलेज करेली, शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा के प्रतिभागियों एवं दल प्रभारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा एवं आभार आराधना दुबे द्वारा दिया गया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन सुमित दुबे, मयंक विश्वकर्मा, कामनी दुबे, जयनारायण शर्मा, संजय चौबे, विजय बेशर्म द्वारा किया गया।

इनका हुआ चयन -युवा उत्सव के तहत् विश्वविद्यालय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु एकल वादन नॉन परकुशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, एकल गायन शास्त्रीय, सुगम एवं पाश्चात्य् में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर, समूह गायन भारतीय शैली में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, समूह गायन पाश्चात्य शैली में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर चयनित हुये। बौद्धिक विधाओं में भाषण में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर वाद-विवाद पक्ष में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं विपक्ष में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर एवं प्रश्नमंच में शासकीय स्वामी विवेकानंद स्नात्कोत्तर महाविद्यालय तथा एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की संयुक्त टीम का चयन किया गया।

गुरैया में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 27 से

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। तीर्थंकर महावीर भगवान की दिव्य देशना को आत्मसात कर भव्य जीवों को मुक्ति का मार्ग बताने वाले 16 वीं शताब्दी के भाव लिंगी संत आचार्य प्रवर 108 श्रीमद् जिन तारण तरण दिगंबर जैनाचार्य श्रीगुरू महाराज की शुद्ध आमना में श्राविकारत्न त्यागपूर्ति श्रद्धेय जिनमति बहनजी की जन्म स्थली गुरैया में चतुर्थ वार श्री जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण, वेदी प्रतिष्ठा एवं तिलक महोत्सव का तीन दिवसीय मंगल अनुष्ठान आगामी 27, 28 एवं 29 नवंबर को सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज गुरैया जिला छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित किया गया है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारी जोरशोर से चल रही है जिसके लिए गुरैया में भव्य शुद्धात्म नगरी बनाई जा रही जहां सभी अनुष्ठान संपन्न होंग जिसमें पूरे देश से त्यागी व्रती साधकगण, विद्वतगण, प्रतिष्ठाचार्य, श्रेष्ठीगणों सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गुरुभक्त श्रावकगण पधारेंगे जिनका जोरदार स्वागत धर्म नगरी गुरैया द्वारा किया जावेगा की जानकारी दीपकराज जैन द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

छिंदवाड़ा, देशबन्धु : प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सोमवार को कमलनाथ के निवास स्थान कमलकुंज में पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

कमलनाथ ने सिमरिया हनुमान मंदिर में टेका माथा

बेटे-बहू ने की पिता की दीर्घायु के लिए प्रार्थना

जन्मदिन पर बधाई देने वालों से घिरे रहे कमलनाथ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। धर्मानुरागी हनुमान भक्त कमलनाथ ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रात: सपरिवार सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में माथा टेका। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ व कांग्रेस नेत्री प्रिया नकुलनाथ ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की आराधना की। तदोपरांत मंदिर के पूजारी द्वारा मंदिर के गर्भग्रह में स्थित समस्त देवी-देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई।

बल बुद्धि व विद्या के दाता हनुमान जी महाराज के चरणों में माथा टेककर पूजा अर्चना कर माननीय नकुलनाथ व प्रियानाथ ने अपने पिता कमलनाथ की दीर्घायु व स्वास्थ्य जीवन के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने भगवान संकट मोचन से देश, प्रदेश व जिले पर कोई संकट ना आए ऐसी आराधना कर सभी के लिये सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ के द्वारा जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सम्मिलित हुये पूर्व सीएम कमलनाथ, नकुलनाथ व प्रियानाथ ने केक काटा व लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहन सहित ब्लॉक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

शिकारपुर निवास पर लगा रहा बधाई देने वालों का तांता

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को जन्मदिन के शुभ अवसर पर बधाई देने के लिये देश, प्रदेश, जिला व नगर के जनप्रतिनिधियों, समर्थकों, समाजसेवी, युवा, मातृशक्ति, धार्मिक व सामाजिक संगठनों, खेल व साहित्य जगत की हस्तियों के साथ ही आमजन का तांता लगा रहा। केन्द्र से लेकर प्रादेशिक स्तर के कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सी.एम. कमलनाथ को उनके निज निवास शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर जन्मदिन की आत्मिक हार्दिक शुभकामनायें दी। शुभकामनाओं के साथ ही बधाई देने वालों का तांता प्रात: काल से देर रात तक लगातार जारी रहा। पूर्व सी.एम. श्री नाथ, नकुलनाथ व प्रिया नकुलनाथ ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

सेवा दिवस के रूप में मनाया गया कमलनाथ का जन्मदिन

देश, प्रदेश व जिले में मानव सेवा की मिसाल कायम करने वाले लोकप्रिय जनप्रतिनिधि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला मुख्यालय सहित दोनों ही जिलों के सभी ब्लॉक मुख्यालयों सहित शहर में विविध धार्मिक व मानसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राजीव कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस द्वारा ढोल, धमाल व आतिशबाजी के बीच हैप्पी बर्ड व तुम जियो हजारों साल की धुन के साथ कांग्रेसजन ने अपने नेता कमलनाथ का 78 वां जन्मदिन उनकी व नकुलनाथ एवं प्रियानाथ की उपस्थिति में पूर्ण उत्साह व उल्लास से भव्य समारोह पूर्वक मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव कांग्रेस भवन के परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में सर्वप्रथम मंदिर में स्थापित किए जाने हेतु 78 किलो वजनी भगवान नागराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना कमलनाथ, नकुलनाथ व श्रीमती प्रियानाथ के हस्ते पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराई गई तदोपरांत उपस्थित धर्मगुरूओं का नेताद्वय ने शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के स्वास्थ्य जीवन व दीर्घायु के लिये पंडित चन्द्रप्रताप द्विवेदी ने इस अवसर पर पवित्र मंत्रोच्चार करते हुये श्री हनुमान जी के परम भक्त कमलनाथ के शतायु होने की कामना करते हुये कहा कि कमलनाथ एक एक सच्चे जनसेवक है। ईश्वर उन्हें स्वास्थ्य व दीर्घायु प्रदान करें। धर्म गुरु ज्ञानी दिलीप सिंह ने सम्पूर्ण सिख समाज की ओर से वाहे गुरु जी से अरदास करते हुये कमलनाथ को लख-लख बधाईयां एवं उनके तंदुरुस्त रहने की प्रार्थना की। मोहम्मद जुनैद हाफिज साहब ने इस मौके पर कहा कि यह निहायत ही खुशी की बात है कि हम अपनी जुबान के धनी कमलनाथ की सालगिरह उनकी मौजूदगी में मना रहे हैं और अल्लाह ताला से दुआ करते हैं कि हम उनका सौ साला जश्न भी इसी तरह मनायें। पास्टर रूपेश उइके ने मसीह समाज की ओर से मुबारकबाद देते हुये सभी का दिल जीतने वाले कमलनाथ को बधाई देते परमपिता परमेश्वर से उनकी सलामती की दुआ मांगी।

वरिष्ठ नेताओं ने किया कमलनाथ का सम्मान

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का शॉल व श्रीफ्ल भेंट कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी व जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय ने कमलनाथ का सम्मान कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें दी। विदित हो कि शहर के विभिन्न वार्डों में भी केक काटकर कमलनाथ का जन्मदिन मनाया गया।

धर्मसभा के पश्चात कमलनाथ, नकुलनाथ व कांग्रेस नेत्री प्रिया नकुलनाथ की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन की खुशिया मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फिरोज खान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का शॉल, श्रीफ्ल से सम्मान किये जाने के उपरांत झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों में क्रिकेट किट, कम्बल, टिफिन सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सहभोज का आनंद लिया। आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव व आभार प्रदर्शन पार्षद टिंक राय के द्वारा किया गया।

वृद्धाश्रम में प्रिया नकुलनाथ ने काटा केक

शहर कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस नेत्री प्रिया नकुलनाथ ने अपने पिता कमलनाथ के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर केक काटकर जन्मदिन की खुशियां बुजुर्गों के साथ बांटी। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने मंदिरों में टेका माथा, दरगाह पर चढ़ाई चादर

कांग्रेसजन ने कमलनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम अनगढ़ हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर पूर्व सी.एम. श्रीनाथ के स्वस्थ जीवन की कामना की साथ ही हमारे जिले में सुख शांति व समृद्धि हेतु प्रार्थना की गई। तत्पश्चात जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फ्ल वितरण किया गया। छोटी बाजार स्थित नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर व श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना कर कमलनाथ की दीर्घायु की। हजरत भैयाजी की दरगाह पर चादर पेश की गई।

नकुलनाथ ने तिलक मार्केट में काटा केक

नगर पालिक निगम अध्यक्ष सोनू मागो के द्वारा म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।